राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
प्रथम तल,पर्यटन भवन,विपिन खण्ड,गोमती नगर, लखनऊ 226010
दूरभाष एवं फैक्स: 0522–2307798 e-mail:nulmup@gmail.com
website:www.sudaup.org

पत्रांक:– 897 /241/NULM/तीन/2001(SUSV) दिनांक 15-11-2016

सेवा में,

1. नगर आयुक्त/सिटी प्रोजेक्ट आफिसर,
नगर निगम–बरेली।

2. सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर
शहर मिशन प्रबंधन इकाई
मथुरा, सम्भल, जौनपुर, बुलन्दशहर, उन्नाव एवं मीरजापुर।

विषय– राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एन0यू0एल0एम0) के घटक "शहरी पथ विक्रेताओं हेतु सहायता योजना" (एस0यू0एस0वी0) के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एन0यू0एल0एम0) के घटक "शहरी पथ विक्रेताओं हेतु सहायता योजना" (एस0यू0एस0वी0) योजना के अंतर्गत आप द्वारा प्रेषित किये गये प्रस्ताव के संबंध में नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–834/69–1–14–14 (104)/2013 दिनांक 23.05.2014 के द्वारा प्रमुख सचिव/सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति की बैठक दिनांक 18.11.2016 को सायं 05:00 बजे सूडा के सभागार कक्ष में आहूत की गयी है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में प्रेषित परियोजनाओं का समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण आप द्वारा किया जाना है। अतः बैठक में परियोजनाओं के प्रस्तुतीकरण आदि हेतु निर्धारित समय से एक घण्टे पूर्व उपस्थित होने का कष्ट करें।

भवदीय,

संलग्नक– कार्यसूची।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

पत्रांक एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण बरेली, मथुरा, सम्भल, जौनपुर, बुलन्दशहर, उन्नाव एवं मीरजापुर को इस आशय से प्रेषित कि कृपया परियोजना अधिकारी, डूडा को सुसंगत सूचनाओं के साथ बैठक में प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. परियोजना अधिकारी/सहायक परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण, बरेली, मथुरा, सम्भल, जौनपुर, बुलन्दशहर, उन्नाव एवं मीरजापुर को अनुपालनार्थ।
3. अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद मथुरा, सम्भल, जौनपुर, बुलन्दशहर, उन्नाव एवं मीरजापुर
4. सहायक बेवमास्टर को सूडा की वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक "शहरी पथ विक्रेताओं हेतु सहायता योजना" (SUSV) के अन्तर्गत सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम, विभाग उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गठित "राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति" की सप्तम बैठक दिनांक 18.11.2016 की कार्यसूची।

स्थल : सूडा सभागार

समय : 05:00 बजे सायं

बिन्दु सं0–1 राज्य परियोजना स्वीकृति समिति की छठी बैठक दिनांक 02.08.2016 की कार्यवाही की पुष्टि।

बिन्दु सं0–2 दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक शहरी पथ विक्रेताओं की सहायता योजनान्तर्गत शहरी पथ विक्रेताओं के सर्वेक्षण, परिचय पत्र जारी करने और सिटी स्ट्रीट वेडिंग प्लान तैयार किये जाने के लिए वित्तीय सहायता दिये जाने का प्रावधान है। उक्त शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार किये जाने हेतु एजेन्सी का चयन पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से निविदा (तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव) द्वारा किये जाने हेतु विस्तृत निर्देश पत्रांक– 3669/241/NULM/तीन/2001(SUSV), दिनांक 01.01.2015 द्वारा जारी किये गये थे। उक्त निर्देश में पत्रांक–03/241/NULM/तीन/ 2001(SUSV), दिनांक 01.04.2015 द्वारा सशोधन करते हुए एजेन्सी चयन प्रक्रिया में एल–1 प्रणाली अपनाने के निर्देश जारी किये गये। सूडा द्वारा शहरों में उक्त कार्यवाही पारदर्शिता के आधार पर सम्पन्न करने हेतु एक मॉडल ड्राफ्ट निविदा (आर0एफ0पी0) को वेबसाइट पर अपलोड की गयी और अपेक्षित दिशा–निर्देश जारी किये गये।

उक्त निर्देशों के अनुक्रम में निम्नलिखित नगर निकायों द्वारा निविदा के आधार पर एजेन्सी चयन करते हुए शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता योजनान्तर्गत गठित राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति से अनुमोदन हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है जिनका विवरण निम्नवत हैः–

(1) सम्भल–जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डूडा– सम्भल के पत्रांक 178/डूडा/2016–17 दिनांक 20.08.2016 द्वारा अवगत कराया गया है कि योजना के अन्तर्गत शहरी पथ विक्रेताओं के सर्वेक्षण, सिटी वेण्डिंग प्लान तैयार करने के लिये पारदर्शी प्रक्रिया से एजेन्सी के चयन हेतु पत्र सं0– 116/डूडा/निविदा/2016–17 दिनांक 28.06.2016 द्वारा दिनांक 30.06.2016 के दैनिक समाचार पत्र, दैनिक जागरण व अमर उजाला में निविदा सूचना प्रकाशित कराकर दिनांक 07.07.2016 तक सूडा द्वारा निर्धारित आर0एफ0पी0 मॉडल ड्राफ्ट के आधार पर अर्ह संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित किये गये, निर्धारित दिनांक 07.07.2016 तक किसी भी संस्था का प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ।

पुनः पत्र सं0–138/डूडा/निविदा दिनांक 11.07.2016 द्वारा दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला और दैनिक जागरण के अंक दिनांक 15.07.2016 को विज्ञप्ति प्रकाशित कराकर दिनांक 25.07.2016 तक निविदा/प्रस्ताव आमंत्रित किये गये। शासन के निर्देशानुसार गठित समिति जिसमें अपर जिलाधिकारी,

(वि0 / रा0) / परियोजना निदेशक, डूडा को अध्यक्ष नामित किया गया है, के समक्ष दो प्रस्ताव (01) मै0 रूद्राभिषेक इन्टरप्राइजेज, नोएडा (02) मै0 खादीग्रामोदय आश्रम, मो0 कोटपूर्वी, सम्भल द्वारा अलग-अलग प्रस्ताव प्रेषित किये गये। दिनांक 25.07.2016 को अपर जिलाधिकारी (वि0 / रा0) परियोजना निदेशक, डूडा की अध्यक्षता में टेक्निकल बिड / प्रस्ताव खोला गया। मेसर्स रूद्राभिषेक इन्टरप्राइजेज, नोएडा द्वारा आर0एफ0पी0 में मांगी गई सभी अर्हताएं पूर्ण पायी गयी। परियोजना निदेशक / अपर जिलाधिकारी की आख्या दिनांक 27.08.2016 के अनुसार मै0 खादीग्रामोदय आश्रम, मो0 कोटपूर्वी, सम्भल द्वारा अर्हताएं पूर्ण न कर पाने के कारण इनका प्रस्ताव निरस्त कर दिया गया तथा मै0 रूद्राभिषेक इन्टरप्राइजेज, नोएडा का आर0एफ0पी0 स्वीकृत किया गया। पत्र सं0- सी0-142, दिनांक 29.07.2016 के द्वारा मै0 रूद्राभिषेक इन्टरप्राइजेज, को दिनांक 12.08.2016 को फाइनेंशियल बिड खोलने तथा पावर प्वाइन्ट प्रजेन्टेशन प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया। प्राप्त प्रस्ताव परीक्षण किया गया उक्त संस्था द्वारा प्रस्तुत फाइनेंशियल बिड में दर रू0 342.00 प्रति पथ विक्रेता प्रेषित की गई थी। तदोपरान्त उसी समय दिनांक 12.08.2016 को उक्त संस्था से फाइनेंशियल बिड का निगोशिएशन किया गया जिसमें, दर रू0 290.00 प्रति पथ विक्रेता पर सहमति बनी।

उपरोक्तानुसार यथानुशंसा सम्भल नगर में कार्यदायी एजेंसी **रूद्राभिषेक इन्टरप्राइजेज, नोएडा** की न्यूनतम दर रू0 290.00 प्रति पथ विक्रेता का प्रस्ताव राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति के विचारार्थ / अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

(2) **उन्नाव**- मुख्य विकास अधिकारी / सिटी प्रोजेक्ट आफिसर, डूडा उन्नाव के पत्र सं0- 68 / एन.यू.एल.एम.-एस.यू.एस.वी. / डूडा / 2016-17 दिनांक 05.09.2016 द्वारा अवगत कराया गया है कि दीनदयाल अन्त्योदय योजना- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता योजनान्तर्गत" वर्ष 2016-17 में शहरी पथ विक्रेता प्लान और पथ विक्रेताओं का सर्वेक्षण कर उन्हें पहचान पत्र जारी करने, वेण्डिंग जोन हेतु अवस्थापना विकास आदि के लिए एजेन्सी और दर निर्धारित करने के लिए दिनांक 01.08.2016 को समाचार पत्र में टेण्डर हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी। इस क्रम में तीन निविदादाताओं के माध्यम से प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिसे जिलाधिकारी महोदया द्वारा गठित कमेटी के समक्ष पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए खोला गया। तकनीकी बिड में प्राप्त प्रस्तावों में तीन संस्थाओं द्वारा शासनादेशानुसार सभी शर्तें पूर्ण पाई गई है। उसके उपरान्त संस्थाओं से प्राप्त वित्तीय निविदा खोली गई, जिसका तुलनात्मक विवरण निम्नवत है:-

| फर्म का नाम | स्टेसालिट सिस्टम लि0 कोलकाता | अनुराधा टेक्निकल प्रा0 लि0 वाराणसी | बिजनेस इनोवेशन, लखनऊ |
|---|---|---|---|
| फर्म द्वारा दी गयी दरें प्रति वेंडर | रू0 500.00 | रू0 470.00 | रू0 340.00 |

उपरोक्त के क्रम में गठित कमेटी द्वारा संस्था मे0 बिजनेस इनोवेशन लखनऊ की दरें न्यूनतम होने के कारण स्वीकृत करने हेतु राज्य परियोजना स्वीकृति समिति के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु प्रेषित किया गया है।

उपरोक्तानुसार यथानुशंसा उन्नाव नगर में सन्दर्भित कार्यों के लिए मे0 बिजनेस इनोवेशन लखनऊ की न्यूनतम दर रू0 340.00 प्रति पथ विक्रेता का प्रस्ताव राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति के विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

(3) **बुलन्दशहर**– दीनदयाल अन्त्योदय योजना– राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता योजनान्तर्गत'' शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करने विषयक जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डूडा– बुलन्दशहर के पत्र सं0–309/डूडा/बी0एस0आर0 दिनांक 09.09.2016 द्वारा अवगत कराया गया है कि डूडा--बुलन्दशहर के पत्र सं0 159/एस0यू0एस0वी0/2016–17 दिनांक 20.07.2016 द्वारा दिनांक 03.08.2016 तक दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण के माध्यम से निविदा मांगी गयी थी। निर्धारित तिथि तक पर्याप्त संख्या में निविदा प्राप्त न होने के कारण पुनः डूडा कार्यालय के पत्र सं0–237/एस0यू0एस0वी0/2016–17 दिनांक 06.08.2016 के द्वारा दिनांक 20.08.2016 तक निविदाएं आमन्त्रित की गयी थी, किन्तु उक्त दिनांक को भी कोई **निविदा प्राप्त नहीं हो सकी**, जिसके फलस्वरूप डूडा कार्यालय के पत्र सं0–262/एस0यू0एस0वी0/2016–17 दिनांक 20.08.2016 के माध्यम से दिनांक 06.09.2016 तक निविदा आमन्त्रित करने हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित करायी गयी।

निर्धारित दिनांक 06.09.2016 तक रूद्राभिषेक इन्टरप्राइजेज प्रा0 लि0, नोएडा, कैरीटास ईको सिस्टम प्रा0 लि0 नई दिल्ली एवं बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट प्रा0लि0 उन्नाव, से निविदायें प्राप्त हुई। निविदाओं के मूल्यांकन एवं अनुश्रवण में गठित कमेटी द्वारा तीनों संस्थाओं को तकनीकी रूप से सक्षम पाया गया। दिनांक 07.09.2016 को तीनों संस्थाओं के द्वारा प्रस्तुत वित्तीय बिड को कमेटी द्वारा खोला गया। वित्तीय बिड खोले जाने पर उपर्युक्त संस्थाओं द्वारा निम्न विवरणानुसार दरें कोट की गयी है:–

| क्र0 सं0 | संस्था का नाम | सिटी वेंडिंग प्लान तैयार करने हेतु प्रति वेण्डर दर |
|---|---|---|
| 1 | रूद्राभिषेक इन्टरप्राइजेज प्रा0 लि0 नोएडा, | 296.00 रू0 |
| 2 | केरीटास ईको सिस्टम प्रा0 लि0 नई दिल्ली | 195.00 रू0 |
| 3 | बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट प्रा0 लि0 उन्नाव | 243.00 रू0 |

उपरोक्तानुसार केरीटोस ईको सिस्टम प्रा0 लि0 नई दिल्ली द्वारा दी गई दर रू0 195.00 प्रति वेंडर न्यूनतम होने के कारण राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति के अनुमोदन हेतु प्रस्तावित की गई है।

अतः यथानुशंसा बुलन्दशहर नगर में सन्दर्भित कार्यों के लिए मे0 केरीटास ईको सिस्टम प्रा0 लि0 नई दिल्ली की न्यूनतम दर रू0 195.00 प्रति पथ विक्रेता का प्रस्ताव राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति के विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

(4) **जौनपुर**– दीनदयाल अन्त्योदय योजना– राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता योजनान्तर्गत" कार्यदायी संस्था के चयन विषयक जिलाधिकारी/अध्यक्ष डूडा– जौनपुर के पत्र सं0– 348/सी0एम0एम0यू0/शहरी पथ विक्रेता/2016–17 दिनांक 14.09.2016 द्वारा सूचित किया गया है कि विषयतगत प्रकरण में समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कराकर अनुभवी/परामर्शी क्रियान्वयन संस्थाओं से दिनांक 09.08.2016 को प्राप्त निविदा को सिटी प्रोजेक्ट आफिसर/परियोजना निदेशक डूडा की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष दिनांक 29 अगस्त 2016 को खोला गया। निविदा बाक्स से 03 संस्थाओं की निविदा प्राप्त हुई जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र0सं0 | संस्था का नाम | सिटी वेंडिंग प्लान तैयार करने हेतु प्रति वेण्डर दर |
|---|---|---|
| 1 | Business Innovation, 1/109, Vikrant Khand, Gomti Nagar, Lucknow (U.P) | Rs. 370.00 |
| 2 | M/s Yug Associates, B-1-16, Rail Nagar, Sector-J, Ashiyana, Lucknow (U.P) | Rs. 315.00 |
| 3 | Bio-Tech Waste Management Pvt. Ltd. 461, A.B Nagar, Unnao (U.P) | Rs. 295.00 |

समिति द्वारा अनुभवी/परामर्शी/क्रियान्वयन संस्थाओं से प्राप्त निविदा के अनुसार क्रियान्वयन संस्थाओं से प्राप्त तकनीकी निविदा खोलकर उनका विवरण चार्ट तैयार किया गया तथा निविदादाताओं से प्राप्त वित्तीय निविदा को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में वेंडिंग कमेटी के समक्ष प्रजेन्टेशन के पश्चात खोले जाने का निर्णय लिया गया, जिसके क्रम में दिनांक 08 सितम्बर 2016 को सायं 05.00 बजे अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) जौनपुर की अध्यक्षता में बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट प्रा0लि0 ए0बी0 नगर उन्नाव द्वारा शहरी पथ विक्रेताओं से सम्बन्धी प्लान का विस्तार से प्रजेन्टेशन किया गया। इसके पश्चात दूसरी संस्था बिजनेस इनोवेशन, गोमती नगर लखनऊ द्वारा शहरी पथ विक्रेताओं से सम्बन्धी प्लान का प्रजेन्टेशन किया गया। मेसर्स युग एसोसिएट्स लखनऊ का कोई भी प्रतिनिधि कमेटी की बैठक में प्रजेन्टेशन हेतु उपस्थित नहीं हुए। उक्त बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट प्रा0 लि0 ए0बी0 नगर उन्नाव द्वारा किये गये प्रजेन्टेशन को सराहा। तत्पश्चात अपर जिलाधिकारी महोदय की उपस्थिति में निविदादाताओं की वित्तीय निविदा कमेटी/निविदा सदस्यों के समक्ष खोल कर तुलनात्मक चार्ट तैयार किया गया, जिसमें क्र0सं0– 03 पर अंकित

बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट प्रा0 लि0 ए0बी0 नगर, उन्नाव की वित्तीय निविदा न्यूनतम पाई गयी।

उपरोक्तानुसार बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट प्रा0 लि0 ए0बी0 नगर उन्नाव के न्यूनतम दर रू0 295.00 प्रति वेंडर की संस्तुति राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति के विचारार्थ /अनुमोदनार्थ प्रेषित की गयी है।

अतः यथानुशंसा जौनपुर नगर में सन्दर्भित कार्यों के लिए बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट प्रा0 लि0, 461, ए0बी0 नगर, उन्नाव (उ0प्र0) की न्यूनतम दर रू0 295.00 प्रति वेंडर का प्रस्ताव राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति के विचारार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

(5) **मथुरा** – दीनदयाल अन्त्योदय योजना– राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता योजनान्तर्गत'' पथ विक्रेताओं के सर्वेक्षण, परिचय पत्र, सिटी वेंडिंग प्लान, डी0आई0पी0 आदि के लिए संस्था के चयन विषयक शहर परियोजना अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी एन0यू0एल0एम0–डूडा–मथुरा के पत्रांक 494/NULM/डूडा /16–17 दिनांक 15.10.2016 द्वारा अवगत कराया गया है कि सूडा के पत्रांक 393/241/एन0यू0एल0एम0/तीन/2001 दिनांक 26.05.2016 में दिये गये निर्देशों के क्रम में जिला स्तर एजेन्सी चयन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। प्राप्त निविदाओं का विवरण इस प्रकार है:–

| क्र0सं0 | संस्था का नाम | धनराशि/वेण्डर |
|---|---|---|
| 1 | श्याम ग्रामोद्योग संस्थान | 345.00 |
| 2 | बालाजी | 500.00 |
| 3 | कल्याणम नई दिल्ली | 500.00 |
| 4 | रवी मैसर्स | 480.00 |

उपरोक्तानुसार यथानुशंसा मथुरा नगर में सन्दर्भित कार्यों के लिए मे0 श्याम ग्रामोद्योग संस्थान की न्यूनतम दर रू0 345.00 प्रति पथ विक्रेता का प्रस्ताव राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति के विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

(6) **बरेली**– दीनदयाल अन्त्योदय योजना– राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता योजनान्तर्गत'' सिटी स्ट्रीट वेण्डिंग प्लान आदि तैयार करने हेतु संस्था के चयन विषयक नगर आयुक्त/सिटी प्रोजेक्ट आफिसर के पत्र सं0– 298/डूडा/डे– एन0यू0एल0एम0(एस0यू0एस0वी0)/2016 दिनांक 28.09.2016 और उसके साथ संलग्न राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता योजना के अन्तर्गत सिटी वेंडिंग प्लान तैयार किये जाने हेतु समाचार पत्र के माध्यम से प्रकाशित निविदा उपरान्त संस्था से प्राप्त प्रस्ताव के चयन हेतु गठित समिति की बैठक का कार्यवृत्त के द्वारा अवगत कराया गया कि एजेन्सी के चयन के लिए नगर आयुक्त/सी0पी0ओ0, नगर निगम, बरेली की अनुमति से पत्रांक 408/डूडा/एन0यू0एल0एम0/एस0यू0एस0वी0/2015–16 दिनांक 03.11.2015 द्वारा सर्वाधिक प्रसार संख्या वाले दैनिक समाचार पत्रों में

निविदा सूचना को प्रकाशित किया गया था। परामर्श दाता संस्था/एजेन्सी के चयन तथा तकनीकी/वित्तीय प्रस्तावों पर विचार/क्रियान्वयन/अनुश्रवण हेतु नगर आयुक्त/सी0पी0ओ0, नगर निगम, बरेली के द्वारा समिति का गठन निम्नानुसार किया गया है:–

1. अपर नगर आयुक्त, नगर निगम बरेली–अध्यक्ष, 2. अधिशासी अभियन्ता, नगर निगम बरेली–सदस्य, 3. परियोजना अधिकारी, डूडा बरेली–सदस्य, 4. लेखाधिकारी, नगर निगम–बरेली। निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 18.11.2015 तक कोई **निविदा प्राप्त नहीं हुई।**

उक्त के क्रम में पुनः कार्यालय के पत्रांक 571/डूडा/एन0यू0एल0एम0/एस0यू0एस0वी0/2015– 16 दिनांक 09.03.2016 के द्वारा दो समाचार पत्रों आवाम–ए–हिन्द तथा हिन्दुस्तान में निविदा प्रकाशित करायी गयी थी। निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 26.03.2016 तक थी। पत्रांक 587 दिनांक 26.03.2016 के द्वारा गठित समिति को दिनांक 28.03.2016 को सायं काल 4 बजे निविदा खोलने हेतु उपस्थित होने लिए पत्र प्रेषित किया गया। मात्र निम्नलिखित एक निविदा संस्था द्वारा जमा की गई थी–

(1) खान ट्रेवल्स एण्ड कान्ट्रैक्टर्स, पीलीभीत बाई पास रोड बरेली।

निविदा के विवरण हेतु निर्धारित प्रारूप के क्रमांक 3 के कॉलम 7 एवं क्रमांक 4 के कॉलम 12 में निविदा दाता द्वारा निर्धारित मानक पूर्ण नहीं किये जा सके। जिस कारण से निविदा को गठित कमेटी द्वारा **निरस्त कर दिया गया।**

उपरोक्त के क्रम में नगर आयुक्त/सी0पी0ओ0, नगर निगम बरेली द्वारा पुनः सिटी वेंडिंग प्लान हेतु एजेन्सी के चयन के लिए कार्यालय के पत्रांक 597/डूडा/एन0यू0एल0एम0/एस0यू0एस0वी0/2015–16 दिनांक 31.03.2016 द्वारा दो समाचार पत्रों आवाम–ए–हिंन्द तथा हिन्दुस्तान में निविदा प्रकाशित करायी गयी थी। निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 18.04.2016 तय की गयी। निर्धारित तिथि में सायं काल 4 बजे तक मात्र एक निविदा आदित्य सिस्टम्स, मो0 जौहर अली रोड, रामपुर द्वारा जमा की गई थी। निविदादाता द्वारा प्रस्ताव के साथ रूपये एक लाख की बिड सिक्योरिटी प्रस्तुत नहीं की गई एवं निर्धारित प्रारुप के क्रमांक–2 के कॉलम 5 के अनुसार निविदा दाता फर्म का अन्तिम तीन वर्ष का औसत टर्नओवर रूपये एक करोड़ से कम पाया गया। उक्त कारण से समिति द्वारा निविदा को **पुनः निरस्त कर दिया गया।**

पुनः पत्र सं0– 136/डूडा/एनयूएलएम/एसयूएसवी/2016–17 दिनांक 13.07.2016 के द्वारा 02 समाचार पत्रों हिन्दुस्तान एवं अवामे–ए–हिन्द में निविदा प्रकाशित कराई गई थी। उक्त निविदा में आर0एफ0पी0 दिनांक 29.07.2016 तक आमंत्रित की गई थी। निर्धारित तिथि दिनांक 29.07.2016 को मात्र 01 संस्था बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट प्रा0 लि0 उन्नाव की तकनीकी एवं वित्तीय बिड प्राप्त हुई।

उक्त के क्रम में तकनीकी बिड गठित समिति अपर नगर आयुक्त लेखाधिकारी नगर निगम तथा परियोजना अधिकारी डूडा के समक्ष दिनांक 29.07.2016 को खोली गई। जिसमें बिड दाता बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट प्रा0 लि0, उन्नाव के द्वारा निर्धारित मानकों को पूर्ण किया गया है। जिसके क्रम में बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट प्रा0लि0 उन्नाव को गठित समिति द्वारा चयन किया गया है। तकनीकी बिड मे अर्ह पाये जाने के उपरान्त समिति द्वारा वित्तीय बिड खोली गई। जिसमें बिड दाता बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट प्रा0 लि0 उन्नाव के द्वारा प्रति व्यक्ति सर्वेक्षण दर रू0 205.00 पाया गया।

उपरोक्त वस्तुस्थिति के परिप्रेक्ष्य में शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता योजना के अन्तर्गत सिटी वेंडिंग प्लान तैयार किये जाने एवं समस्त कार्यों को सम्पादित करने हेतु बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट प्रा0 लि0 उन्नाव को अनुमोदन प्रदान करने की संस्तुति की गई है।

अतः यथानुशंसा बरेली नगर में सन्दर्भित कार्यों के लिए बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट प्रा0 लि0, उन्नाव की न्यूनतम दर रू0 205 प्रति वेंडर का प्रस्ताव राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति के विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

(7) **मिर्जापुर**– दीनदयाल अन्त्योदय योजना– राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता योजनान्तर्गत'' पथ विक्रेताओं का प्लान तैयार किये जाने हेतु समझौता वार्ता (Negotiation) द्वारा निर्धारित दर के आधार पर कार्य करने हेतु फर्म की स्वीकृति प्रदान किये जाने विषयक परियोजना निदेशक/ अपर जिलाधिकारी (वि0रा0), डूडा– मिर्जापुर के पत्रांक 652/एस0यू0एस0वी0/ 2016–17 दिनांक 27.10.2016 द्वारा अवगत कराया गया है कि मिर्जापुर में शहरी पथ विक्रेताओं का प्लान तैयार करने हेतु दिनांक 08.07.2016 को निविदा आमंत्रित की गयी थी, जिसमें निविदा के आधार पर मे0 बिजनेस इनोवेशन, विक्रान्त खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ की निविदा दर सबसे कम की प्राप्त हुई है। पुनः संस्था के साथ समझौता वार्ता किया गया। समझौते में संस्था द्वारा डाली गयी न्यूनतम निविदा दर रू0 770.00 प्रति पथ विक्रेता की दर को परिवर्तित कर रू0 407.00 प्रति पथ विक्रेता की दर पर कार्य करने की सहमति जताई गयी।

उपरोक्तानुसार मे0 बिजनेस इनोवेशन विक्रान्त खण्ड, गोमती नगर की इनशेवेशन दर रू0 407.00 प्रति पथ विक्रेता को अनुमोदित करते हुए स्वीकृत हेतु अग्रसारित किया गया है।

अतः यथानुशंसा मिर्जापुर नगर में सन्दर्भित कार्यों के लिए में0 बिजनेस इनोवेशन, विक्रान्त खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ की न्यूनतम दर रू0 407.00 प्रति पथ विक्रेता का प्रस्ताव राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति के विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

**बिन्दु सं0–3** अन्य विषय–अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।